कार्यालय जनपद न्यायाधीश, लखनऊ
कार्यालय विज्ञप्ति

दिनांकः मार्च 15, 2021

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि जनपद न्यायालय, लखनऊ में सफाई कार्यों के सम्पादन हेतु माननीय उच्च न्यायालय इलाहाबाद के पत्र सं0 2060/VII-104/Admin. 'D' Section/Allahabad; Dated 12.02.2021 के द्वारा 07 रिक्त संविदा कर्मियों की नियुक्ति किये जाने की स्वीकृति प्रदान की गयी है। शासनादेश सं0 1963/सात–न्याय–2–2000–41जी/97, दिनांक 19.10.2000 के साथ पठित शासनादेश सं0 15/2016/1111/सात–न्याय–2–2016–41जी/97, दिनांक 10.08.2018 में निहित शर्तों के अधीन संविदा के आधार पर नियत वेतन रू0 6,000/– प्रतिमाह की दर से रिक्त 07 संविदा सफाई कर्मचारियों की नियुक्ति किये जाने हेतु निम्नानुसार प्रारूप पर इच्छुक अभ्यार्थियों से आवेदन पत्र दिनांक 27.03.2021 तक आमत्रित किये जाते है। ***शासनादेश सं0 1963/सात–न्याय–2–2000–41जी/97, दिनांक 19.10.2000 में दिये गये दिशा–निर्देशों के अंतर्गत तय किये गये मानको के अधीन कार्य कराया जाना है। जिसके अंतर्गत एक सफाई कर्मचारी द्वारा कम से कम पांच न्यायालय कक्षों तथा उससे सम्बद्ध कार्यालय/शौचालय आदि के साफ सफाई के कार्य का निष्पादन भी अपेक्षित है। उपरोक्त कार्यो के अतिरिक्त इन सफाई कर्मचारीगण से सम्पूर्ण परिसर/नालियॉं इत्यादि का भी सफाई का कार्य भी लिया जाता है। चयनित सफाई कर्मचारी पूर्णतया संविदा पर ही होंगे तथा कोई भी संविदा सफाईकर्मी कभी नियमित होने का दावा नहीं कर सकेगा।*** आवेदन पत्र जमा करने वाले अभ्यार्थियों का साक्षात्कार **दिनांक 04.04.2021** को जनपद न्यायालय, लखनऊ के उत्तरी भवन के सभागार कक्ष में होगा जिसमें सभी आवेदनकर्ताओं की उपस्थिति अनिवार्य है। **साक्षात्कार में पदों के सापेक्ष तीन गुना अभ्यार्थी सफल घोषित किये जायेंगे, तथा उन्हें प्रयोगिक परीक्षा दिनांक 10.04.2021 को जनपद न्यायालय लखनऊ में उपस्थित होना होगा। साक्षात्कार 50 अंको का होगा तथा प्रायोगिक परीक्षा भी 50 अंको की होगी, अंतिम चयन सूची साक्षात्कार तथा प्रयोगिक परीक्षा में प्राप्त कुल अंको के आधार पर तैयार की जायेगी।** उपरोक्त से संबंधित आवेदन पत्र कार्यालय केंद्रीय नजारत अनुभाग में प्रत्येक कार्य दिवस में प्रातः 11:00 बजे सायं 05:00 तक प्राप्त किये जायेंगे।

16/03/2021

अध्यक्ष,
चयन उप–समिति/वि0 न्यायाधीश,
पी0 सी0 एक्ट–5, लखनऊ।

आवेदन–पत्र

1– आवेदक का नाम ....
2– पिता/पति का नाम ....
3– स्थाई पता ....
....
4– पत्र व्यवहार का पता ....
....
5– धर्म ....
6– मोबाइल नं0 ....
7– जन्म तिथि वर्ष..........माह..........दिन..........
अंको में.................... शब्दों में....................

स्व प्रमाणित
पासपोर्ट साईज
फोटो

8– शैक्षिक योग्यता यदि है तो उसका उल्लेख करते हुए उससे संबन्धित प्रमाण पत्रों की छायाप्रति संलग्न करें।
1. ....
2. ....
9– आधार कार्ड सं0 .... व छायाप्रति संलग्न करें।
10– क्या आपके विरूद्ध कोई आपराधिक वाद दर्ज है। यदि हॉ तो उसका विवरण।
11– आपकी वैवाहित स्थिति क्या है। यदि आपके एक से अधिक पति/पत्नियॉं है, तो उसका विवरण।

घोषणा

मैं .... पुत्र/पुत्री.................... उम्र .... निवासी.................... .... घोषण करता/करती हूॅ कि उपरिवर्णित उल्लिखित सूचना मेरे निजी ज्ञान से सत्य है, मेरे द्वारा किसी प्रकार के तथ्य को छिपाया नहीं गया है। यदि उपरोक्तानुसार मेरे द्वारा दी गयी सूचना असत्य पायी जाती है तो मेरी की जाने वाली नियुक्ति निरस्त किये जाने का पूर्ण अधिकार नियुक्ति प्राधिकारी के अधीन सुरक्षित होगा, जिस पर मुझे कोई आपत्ति नही होगी।

आवेदक के हस्ताक्षर

पता:– ....
....